JALAUN POLICE

दिनांक- 13.06.2026

थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गैर-इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर आलाकत्ल रक्तरंजित 01 ईंट बरामद की गयी।

अवगत कराना है कि दिनांक 12.06.2026 को थाना कदौरा में वादी श्री लालाराम द्वारा तहरीरी सूचना दी गई है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी की पत्नी कमला, पुत्र वीरेन्द्र व रोहित, बहू शशिप्रभा एवं नाती अंकित के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करना, जिसमें शशिप्रभा के सिर पर पत्थर लग गया। मेडिकल कॉलेज, झांसी में उपचार के दौरान शशिप्रभा की मृत्यु हो गई। जिसके संबन्ध में थाना कदौरा में मु0अ0सं0 76/26 धारा 3(5)/352/115(2)/105 बीएनएस बनाम रामपाल आदि 04 नफर पंजीकृत हुआ था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 12.06.2026 को थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर आलाकत्ल रक्त रंजित ईंट बरामद की गयी।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. रामपाल पुत्र होरीदीन उम्र करीब 57 वर्ष निवासी ग्राम मझवार थाना कदौरा जनपद जालौन
2. दयाराम पुत्र होरीदीन उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम मझवार थाना कदौरा जनपद जालौन
3. हलकू उर्फ विजय पुत्र रामविलास उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम मझवार थाना कदौरा जनपद जालौन
4. बबलू पुत्र रामविलास उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम मझवार थाना कदौरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. आलाकत्ल रक्तरंजित 01 अदद ईंट

पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष कदौरा मय टीम